# टी20 : इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

## जैक्स और रेहान ने पलटी हारी हुई बाजी

**कोलंबो, 27 फरवरी.** टी20 **वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 राउंड के मुकाबले में शुक्रवार को इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया. न्यूजीलैंड से मिले 160 रनों के लक्ष्य को इंग्लैंड ने 3 गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. अंतिम ओवरों में विल जैक्स ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी के बूते हारी हुई बाजी को पलट दिया.**



न्यूजीलैंड से मिले 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. फिल सॉल्ट महज 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने. इसके बाद खराब फॉर्म में चल रहे जोस बटलर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे. दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद कप्तान हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल ने इंग्लैंड की लड़खड़ाती हुई पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़े. ब्रूक 24 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बेथेल 4 चौकों की मदद से 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे. 58 रनों के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद सैम करन और टॉम बैंटन ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े. करन ने 22 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि बैंटन 3 चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए. 117 रनों के स्कोर पर 6 विकेट गंवाकर इंग्लैंड की टीम मुश्किल में थी और जीत दूर जाती हुई दिख रही थी.

हालांकि, विल जैक्स और रेहान अहमद ने सिर्फ 16 गेंदों में 44 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए इंग्लैंड को 4 विकेट से जीत दिला दी. जैक्स ने सिर्फ 18 गेंदों का सामना करते हुए 32 रनों की नाबाद पारी खेली. विल जैक्स ने पारी के 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ 22 रन बनाए और यहीं से पूरा मुकाबला पलट गया. वहीं, रेहान ने 7 गेंदों में 19 रन बनाए और वह टीम को जीत दिलाकर लौटे.

गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रविंद्र ने 19 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि मैट हेनरी और फिलिप्स ने एक-एक विकेट चटकाया. इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 159 रन बनाए. टीम को टिम सीफर्ट और फिन एलन ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी. दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.6 ओवर में 64 रन जोड़े. सीफर्ट ने 25 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 35 रन बनाए. वहीं, एलन ने 19 गेंदों में 29 रनों का योगदान दिया.



## गांगुली ने आकिब नबी की जमकर तारीफ की

**नयी दिल्ली.** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी कैंपेन और तेज गेंदबाज आकिब नबी की जमकर तारीफ़ की, और नेशनल सिलेक्शन के लिए इस युवा खिलाड़ी का साथ दिया. 'जम्मू-कश्मीर ने दुनिया को दिखाया है कि कोशिश और इरादा क्या कर सकते हैं. उन्होंने उस इलाके को उन पर गर्व महसूस कराया है. मुश्किल माहौल लोगों को मुश्किल बनाता है. आकिब नबी नेशनल टीम की तरफ़ बढ़ रहे हैं... गर्मियों में इंग्लैंड से शुरुआत करनी चाहिए,' गांगुली ने एक्स पर यह बात लिखी, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और चीफ़ सिलेक्टर अजीत अगरकर को टैग किया. नबी मौजूदा रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे शानदार परफ़ॉर्मर रहे हैं, 10 मैचों में 12.56 की ज़बरदस्त औसत से 60 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बने, जिसमें सात बार पांच विकेट लेना भी शामिल है. हुबली में कर्नाटक के खिलाफ फाइनल में, नबी ने एक और अहम स्पेल किया, पहली इनिंग में 54 रन देकर 5 विकेट लिए. उनकी कोशिश से आठ बार की चैंपियन टीम 93.3 ओवर में 293 रन पर ऑल आउट हो गई, जबकि जम्मू-कश्मीर ने 584 रन का बड़ा स्कोर बनाया था. चौथे दिन पांच विकेट पर 220 रन से आगे बढ़ते हुए, कर्नाटक ने अपने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 73 रन पर गंवा दिए.

## किदांबी श्रीकांत बाहर, भारत का अभियान खत्म

**मुल्हेम एन डेर रूहर.** जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिंगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए. पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-यी से सिर्फ़ 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए. ताइवानी शटलर के खिलाफ़ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी. जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था. श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली.

# जम्मू-कश्मीर का चैंपियन बनना पक्का

▸ रणजी फाइनल का चौथा दिन

**हुबली, 27 फरवरी (वार्ता) जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक से फॉलोऑन न करा कर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और रणजी फाइनल के चौथे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बना लिये हैं.**



जम्मू-कश्मीर ने इस तरह अपनी कुल बढ़त 477 रन पहुंचा कर खिताब पर पहली बार कब्जा करना पक्का कर लिया है. जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया. जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने नाबाद 94 रन बनाये, जबकि अब्दुल समद ने 32, कप्तान पारस डोगरा ने 16 और साहिल लूथरा ने नाबाद 16 रन बनाये.

# सकारात्मक सोच से रणजी खेलने में मदद मिली : आक़िब नबी

**हुबली, 27 फरवरी. अपनी शानदार गेंदबाजी से जम्मू-कश्मीर को पहले रणजी खिताब के करीब पहुंचा चुके तेज गेंदबाज आक़िब नबी ने कहा कि 'नतीजों के बारे में सोचने के बजाय सकारात्मक सोच बनाए रखने' से उन्हें एक और शानदार रणजी ट्रॉफ़ी सीजन खेलने में सफलता मिली है.**



नबी ने रणजी ट्रॉफी फ़ाइनल के तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ तीन विकेट लिए और चौथे दिन उसे पंजे में बदला. इससे जम्मू और कश्मीर ने इस मैच में पहली पारी की बढ़त सुनिश्चित की और उसका पहला रणजी खिताब जीतना भी तय हो गया है. प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नबी का स्वप्निल प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा. पिछले दो सीजन में उनके नाम 13.58 की औसत से 108 विकेट हैं. इनमें से 60 विकेट मौजूदा रणजी सीजन में आए हैं, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है. उन्होंने हुबली में कर्नाटक के खिलाफ तीसरे दिन का खेल ख़त्म होने के बाद कहा, 'मैंने अपनी स्किल्स पर कोचों के साथ और नेट्स में खुद भी काफी मेहनत की है. मैंने नतीजों के बारे में सोचने की बजाय सकारात्मक सोच रखी. इससे मुझे काफ़ी मदद मिली.' फ़ाइनल से पहले जम्मू और कश्मीर की गेंदबाज़ी इकाई को लेकर चर्चा थी, जिसकी अगुआई नबी कर रहे हैं. इस गेंदबाज़ी क्रम में में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ सुनील कुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक़ भी शामिल हैं. उनका सामना कर्नाटक के अनुभवी बल्लेबाज़ी क्रम से था, जिसमें केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और इस सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ आर स्मरण शामिल थे. नबी ने राहुल और नायर को बेहतरीन गेंदों पर आउट कर कर्नाटक का स्कोर 57 रन पर 3 विकेट कर दिया. इसके बाद उन्होंने स्मरण को गोल्डन डक पर आउट कर कर्नाटक टीम को बैकफ़ुट पर भेज दिया.

## 16 बनाम 61 - कार्तिक और मुकेश का मुकाबला बना खासियत

**ग्रेटर नोएडा.** 16 साल की उम्र में, बहुत टैलेंटेड कार्तिक सिंह ने 'इंडियन गोल्फ के फ्यूचर सुपरस्टार' के टैग को सही साबित करने के लिए काफी सबूत दिए हैं. 61 साल की उम्र में, मुकेश कुमार को पता है कि उनके सुनहरे दिन अब पीछे छूट गए हैं, लेकिन गोल्फ कोर्स पर अपनी आधी उम्र के युवाओं को हराने से ज़्यादा खुशी उन्हें किसी और चीज़ से नहीं मिलती. कार्तिक डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के 72 द लीग में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं, यह एक नया टीम और लीग टूर्नामेंट है जो मंगलवार को क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री रिज़ॉर्ट में शुरू हुआ. मुकेश सबसे बड़े हैं, कार्तिक से लगभग चार गुना बड़े. उम्र में इतने बड़े अंतर के बावजूद, पीजीटीआई कैलेंडर में नए फॉर्मेट के लिए उनमें उत्साह साफ दिख रहा है.

# ओपन बॉलिंग ट्रायल्स में 3500 खिलाड़ी

▸ डीडीसीए विभिन्न आयु वर्ग व स्किल कैटेगरी में करा रहा ट्रायल्स

**नयी दिल्ली, 27 फरवरी. दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने विभिन्न आयु वर्ग और स्किल कैटेगरी चरण में ओपन बॉलिंग ट्रायल्स करा रहा है. इसमें भाग लेने के लिए तीन हजार 5 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया हैं.**



होनहार गेंदबाज की पहचान और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किये जा रहे इस ट्रायल्स के दौरान उम्र के हिसाब से प्रदर्शन देखा जा रहा है, जिसमें तेज गेंदबाजों और स्पिनर्स के लिए अलग-अलग मूल्यांकन सत्र हैं. इस ट्रायल्स में विशेषकर उन खिलाड़ियों के कौशल को परखा जा रहा जिन्हें डीडीसीए लीग मैचों में खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिलता है. यह ट्रायल्स पूर्व विकेटकीपर विजय दहिया की देख रेख में कराया जा रहा है.

# कार्तिक ने किया भारत की नई ओपनिंग जोड़ी का समर्थन

चेन्नई, 27 फरवरी. दिनेश कार्तिक ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ ज़बरदस्त बैटिंग प्रदर्शन के बाद भारत को अपनी नई ओपनिंग जोड़ी के साथ बने रहने का समर्थन किया है, जिससे ड्डुटी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ लगभग नॉकआउट की स्थिति बन गई. भारत को अपने सभी टॉप छह बैट्समैन का योगदान मिला, जिससे उन्होंने गुरुवार को ज़िम्बाब्वे को हराने के लिए 4 विकेट पर 256 रन बनाए, जो इस एडिशन का सबसे बड़ा और टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है. अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) की नई ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में एक मज़बूत नींव रखी, जिसके बाद ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने रफ़्तार बनाए रखी.


## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जको/एसओ (एचआर)/2026/फाईल क्र.- 91/634 — दिनांक 04.02.2026

### सूचना

परियोजना का नाम- जमुना 9/10 भूमिगत खदान

भू स्वामियों के द्वारा रोजगार हेतु नामित भू आश्रित का विवरण

जमुना 9/10 भूमिगत खदान से प्रभावित ग्राम-कल्याणपुर के भू स्वामियों द्वारा एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 एवं एसईसीएल माडलटीज के तहत घटते क्रम में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

Sanction order No. SECL:BSP:MP:LAND:JK:2026:E-1911025:2458 dated 27.01.2026 of Village :- KALYANPUR

| Sr. No. | Name of landowner, as per ADOL and as certified by L&R Department | ADOL S.No (No. of empl admissble) | On revision of DoL, the probable DoL No. | Employment Consumed | Name of Person approved for employment, DoB education and relation with landowners | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चमरु पिता मिर्रा, मुन्नी बाई पति चमरु<br>Plot No. / Land in ha.<br>327 / 0.375<br>333/2 / 0.101<br>Total / 0.476 ha./ 1.17ac. | 07 (01) | 11 (01 | 01 | 1. अक्षय कुमार प्रजापति पिता लल्लू लाल प्रजापति<br>Relation – Son of Son(Grandson)<br>Caste – Kumhar (SC)<br>Age/D.O.B – 26.11.2003(As per HSC MS)<br>Education – 12th & Dip. in Mechanical<br>Aadhar – 2014 3741 6633 | Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by the GM(P/MP). |
| 2 | तुलसी राम पिता समहारु चक्रधारी<br>Plot No. / Land in Ha.<br>331 / 0.506<br>Total / 0.506 ha./ 1.25 Ac. | 09 (01) | 09 (01) | 01 | 2. कैलाश चक्रधारी पिता तुलसी राम चक्रधारी<br>Relation – Son<br>Caste – Kumhar (SC)<br>Age/D.O.B – 21.08.1995 (As per HSC MS)<br>Education - 12th<br>Aadhar – 4327 6352 2255 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by the GM(P/MP). |

परियोजना का नाम- आमाडांड खुली खदान परियोजना

भू स्वामियों के द्वारा रोजगार हेतु नामित भू आश्रित का विवरण

आमाडांड खुली खदान परियोजना से प्रभावित ग्राम-निमहा के भू स्वामियों द्वारा एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 एवं एसईसीएल माडलटीज के तहत घटते क्रम में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

Sanction order No. SECL:BSP:MP:LAND:JK:2026:E-2124224:2457 dated 27.01.2026 of Village :- NIMHA

| Sr. No. | Name of landowner, as per ADOL and as certified by L&R Department | ADOL S.No (No. of empl admissble) | Employment consumed | Balance Employment | Name of Person approved for employment, DoB education and relation with landowners | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हीरासिंह पिता भूनेश्वर बेलाबाई पुत्री भूनुश्वर उर्फ भूनेश्वर<br>Plot No. / Land in ha.<br>770/1k / 0.133<br>786/1k / 0.138<br>804 / 0.235<br>863 / 0.040<br>1726/1990 / 0.235<br>1681/1/k / 0.247<br>1725/1/k / 0.953<br>1748/1/k / 0.281<br>1756 / 0.121<br>1771/1/kh / 0.607<br>1772/1 / 0.356<br>1682/1989 /1/k / 0.111<br>1482/1/k / 0.040<br>1491/1 / 0.405<br>1494 / 0.089<br>Total / 3.991 ha./ 9.861ac. | 07 (04) | 04 | Nil | 1. डीलन सिंह पिता चैन सिंह<br>Relation – Son<br>Caste – Gond (ST)<br>Age/D.O.B–10.01.1988(As per Class 7th MS)<br>Education – Class 7th<br>Aadhar – 4229 2381 3588<br>2. झलेन्द्र सिंह ओट्टी पिता बंशधारी सिंह ओट्टी<br>Relation– Son of Son (Grandson of Bela Bai)<br>Caste – Gond (ST)<br>Age/D.O.B – 20.07.2000(Indicative as per Aadhar)<br>Education – Illiterate<br>Aadhar – 4489 0257 7682<br>3. किशन सिंह पिता सेवक सिंह<br>Relation – Son of Son (Grandson of Heera Singh)<br>Caste – Gond (ST)<br>Age/D.O.B – 09.09.2004(Indicative as per Aadhar)<br>Education – Illiterate<br>Aadhar – 2192 7262 8776<br>4. रोशनी सिंह पिता सेवक सिंह (Minor)<br>Relation – Daughter of son (Granddaughter of Heera Singh)(unmarried)<br>Caste – Gond (ST)<br>Age/D.O.B–13.06.2008(As per Class 8th MS)<br>Education – Class 8th<br>Aadhar – 7173 8235 8690 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).<br>2. As Roshni Singh is minor, as such, the offer of appointment to the minor should be issued on attaining the age of 18 years and the date of birth be recorded as per HSC certificate or else as per the circular issued by the General Manager(P/MP) vide letter No. 394 dated 06.01.2025. |
| 2 | जोगा पि0 गंगा धोबी<br>Plot No. / Land in Ha.<br>1781 / 0.267<br>1782/2 / 0.227<br>1783/2 / 0.640<br>1460/6 / 0.101<br>1460/1 / 0.087<br>1803/10 / 0.020<br>1803/11 / 0.020<br>1803/3 / 0.235<br>Total / 1.597 ha./ 3.946 Ac.<br>(As per the order No. 051/A-74/2024-25 dated 02.09.2024, the correct name of landower is Joga Prasad Rajak S/o Ganga Rajak) | 31 (01) | 01 | Nil | 5. अंकित कुमार रजक पिता शिवलाल रजक<br>Relation – Son of son(Grandson of Joga)<br>Caste – Dhobi (OBC)<br>Age/D.O.B – 05.07.2003 (As per HSC MS)<br>Education - 12th & ITI (Fitter)<br>Aadhar – 2048 7340 3384 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP). |
| 3 | बन्धू सिंह पिता भोभला सिंह<br>Plot No. / Land in Ha.<br>1673(P) / 0.484<br>1690 / 0.194<br>Total / 0.678 ha./ 1.675 Ac.<br>(As per the order No. 0389/A-6/2021-22 dated 19.01.2022 of Nayab Tahsildar, after death of Bandhu Singh S/o Bhobhla on 12.06.2021, the land was transferred on his sucessors – Prem Singh, Dayaram Singh, Uma Bai Father Bandhu Singh, Leelabai Wd/o Maan Singh, Yashoda Bai D/o Maan Singh) | 126 (01) | 01 | Nil | 6. मनीषा देवी गोंड़ पिता दया राम सिंह<br>Relation – Daughter of son(Granddaughter of Bandhu)(Married)<br>Caste – Gond(ST)<br>Age/D.O.B – 15.09.1997 (As per HSC MS)<br>Education - 12th<br>Aadhar – 3211 3086 6183 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).<br>2. The area screening committee has certified that the land belonging to the landowner, Dayaransingh son of Bandhusingh, resident of the village, bearing Plot No. 1673, was acquired under the CBA Act, while the compensation determined for the entire are of 0.494 hectares of survey number 1673 was erroneous. In this regard the compensation amount of Rs 8864.00 for an area of 0.010 hectares has been deposited by the landowner into account number 10990841032 of the Jamuna Kotma Area on September 9 2025. Subtracting this area does not change the serial number in the list of descending order. |
| 4 | इसरुबाई पिता सकतर<br>Plot No. / Land in Ha.<br>698/2 / 0.221<br>750/2 / 0.134<br>1350/2 / 0.202<br>Total / 0.557 ha./ 1.376 Ac. | 167 (01) | 01 | Nil | 7. खेम सिंह कँवर पिता भूपेन्द्र सिंह(माता : इसरुबाई)<br>Relation – Son<br>Caste – Kanwar (ST)<br>Age/D.O.B – 15.12.1986 (Indicative as per Aadhar)<br>Education - Illiterate<br>Aadhar – 4865 5592 0820 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP). |

Sanction order No. SECL:BSP:MP:LAND:JK:2026:E-2168079:2456 dated 27.01.2026 of Village :- Majhouli

| Sr. No. | Name of landowner, as per ADOL and as certified by L&R Department | S.No of ADOL (No. of employments admissble) | Details of persons approved for employment | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभा पिता हंसराज<br>Plot No. / Land in ha.<br>149/2 / 0.465<br>Total / 0.465 ha./ 1.149 ac. | 14 (01) | 1. आदर्श तिवारी पिता प्रभाकर तिवारी (माता : प्रभा) (Minor)<br>Relation – Son<br>Caste – General<br>D.O.B – 02.07.2008(As per HSC MS)<br>Education – Class 10th<br>Aadhar – 9765 0499 4870 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).<br>2. As Adarsh Tiwari is minor, hence the offer of appointment to the minor should be issued on attaining the age of 18 years based on his, qualification the date of birth may be ascertained in line with the Circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by the GM(P/MP) |

Sanction order No. SECL:BSP:MP:LAND:JK:2026:E-2107279:2455 dated 27.01.2026 of Village :- Kuhka

| Sr. No. | Name of landowner, Plot No., area acquired & as certified by L&R Department | Name of village and Sl. No. of ADOL/ no. of eligible employment | Employment consumed | Name of Person approved for employment/ Relationship with land owner/Date of Birth/Cast. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजय कुमार पिता अकालू प्रजापति<br>Plot No. / Land in ha.<br>537/1 / 0.384<br>Total / 0.384 ha./ 0.94 ac.<br>(as per the order 0107/A-74/2024-25 dated 06.08.2024 of SDM(R), Kotma, the actual quantum of Plot No. 537/1 is 0.384 Ha. instead of 0.387 ha.) | Kuhka 76 (01) | 01 | 1. संजय कुमार पिता अकालू प्रजापति<br>Relation – Self<br>Caste – Kumhar (OBC)<br>Age/D.O.B – 05.05.1986(As per HSC MS)<br>Education – Class 10th<br>Aadhar – 4112 2312 8214 | 1. Age/DoB to be ascertained in line with circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP). |

उपरोक्त भू स्वामियों/आश्रितों के रोजगार पर यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र, पोस्ट जमुना कालरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) के पास सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर आवश्यक वैध दस्तावेजों के साथ लिखित रुप में अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं, यदि निर्धारित समयावधि के बीच कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होती है तो गुणवत्ता के आधार पर समस्त मामलों का निराकरण कर दिया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (मा.सं.), एसईसीएल,जमुना कोतमा क्षेत्र

SECL/25-26/328